सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-218
10/05/2017

# मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के डी0एम0, एस0पी0 के साथ विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की

पटना, 10 मई 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज मुख्य सचिवालय स्थित सभाकक्ष से शराबबंदी के संबंध में सरकार के निर्णय का कठोरता से पालन करने के बिन्दू पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुयी। समीक्षा बैठक में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जोनल आई0जी0, प्रमण्डलीय आयुक्त, डी0आई0जी0, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जुड़े हुये थे। मुख्यमंत्री ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शराबबंदी के संबंध में सरकार के निर्णय का कठोरता से पालन करने के बिन्दू पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने खासकर शहरों में शराब मिलने, शराब माफियाओं को पकड़ने, उनके वाहनों, घर एवं संपति को निलाम करने के बिन्दू पर कठोरता बरतने के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बिहार में शराब नहीं आये और न मिले यह सुनिश्चित किया जाय। विडियो कॉन्फ्रेंसिंग में इस बिन्दू पर भी निर्देश दिये गये कि अगर कोई कर्मी भी इसमें संलिप्त पाये जायें तो उन पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित हो।

मुख्यमंत्री ने बारी–बारी से सभी जिलों के साथ समीक्षा की और शराबबंदी के हर बिन्दू पर चर्चा करते हुये विस्तृत निर्देश दिये। उन्होंने सभी डी0एम0, एस0पी0 को निर्देश दिया कि शराब माफिया जो अवैध व्यापार कर रहे हैं और जो शराब बाहर से ला रहा है, उन पर कठोर कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी गड़बड़ी कर रहे हैं, उन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें, साथ ही मातहत कर्मियों के काम पर भी नजर रखें और गड़बड़ी करने वालों को किसी भी सूरत पर नहीं बख्शा जाय। उन्होंने डी0एम0 और एस0पी0 को निर्देश दिया कि वे हर दिन प्रगति की समीक्षा करें, अपने स्रोत से सूचना संग्रहित करें और कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सख्ती से काम करेंगे तो यह धंधा पूरी तरह रूक जायेगा और पूरे देश में संदेश जायेगा। उन्होंने कहा कि बिहार का जनमत शराबबंदी के पक्ष में है। शराबबंदी के पक्ष में चार करोड़ लोगों ने मानव श्रृंखला बनायी। मुट्ठी भर लोग शराब का धंधा कर रहे हैं और चंद लोग सिस्टम को खराब कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जोनल आई0जी0 से समीक्षा नहीं एक्शन चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हर बिन्दू पर ध्यान रखेंगे तो यह धंधा नहीं चल सकता। डी0एम0, एस0पी0 डेडिकेटेड टीम बनायें, बड़े माफिया को पकड़ें, रूटिन कार्रवाई नहीं बल्कि सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी तरह की शिथिलता नहीं आनी चाहिये।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर, प्रधान सचिव मद्य निषेध, निबंधन एवं उत्पाद श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, अपर पुलिस महानिदेशक श्री आलोक राज, पुलिस महानिरीक्षक श्री जी0एस0 गंगवार सहित पुलिस मुख्यालय के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******